GST NO. 07AAACE1747M1ZJ CIN U20299DL1986 NPL023253

EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070

Tel: +91-11-26135256 **Email:** press@epch.com

Fax: +91-11-26135518,26135519 **web:** www.epch.in

.

8th February, 2021

EPCH PRESS RELEASE

51st EDITION OF IHGF DELHI FAIR-SPRING'2021
WILL NOW BE HELD
FROM 19th – 23rd MAY'2021 at
INDIA EXPO CENTRE, GREATER NOIDA

NEW DELHI – 8th February'2021 - The globally acclaimed IHGF Delhi Fair heading towards its 51st edition – in a physical mode at India Expo Centre & Mart, Greater Noida. The situation in India as far as COVID-19 is concerned is under control and in a much better position. Under the able leadership of the Hon'ble Prime Minister of India, the largest vaccination programme in the world as well as in India is started successfully and is poised to take on the challenge and overcome this unfortunate adversity. We understand the time of gloom is certainly going to be over and we have to look forward to a new dawn with great vigor, enthusiasm and energy said Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH.

Speaking on the occasion, Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH informed that based on the survey feedback from participants and overseas buyers, the Committee of Administration (COA) and Regional Coordinators of Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) in its meeting held today and considering the significance of IHGF Delhi fair in business promotion and business generation, **it has been decided to organize the 51st edition of IHGF Delhi Fair-Spring'2021 from 19th – 23rd MAY'2021 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida**.

Shri Ravi K Passi, Chairman-EPCH informed that the Council will explore all possible opportunities to conduct the fair in the most friendly, business conducive and safe environment.

The Handicrafts exports during the year 2019-20 was Rs. 25,270.14 crores and during 1st nine months i.e April-December'2020-21 is Rs. 16940.98 Crores and USD 2268.58 Million informed by Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH.

For more information, please contact :

Dr. RAKESH KUMAR, DIRECTOR GENERAL – EPCH - +91-9818272171

****

ई.पी.सी.एच. प्रेस विज्ञप्ति

ईपीसीएच प्रेस विज्ञप्ति

आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2021 के 51 वें संस्करण का आयोजन अब 19 से 23 मई , 2021 तक होगा।

ग्रेटर नोयडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में होगा आयोजन

नई दिल्ली, 8 फरवरी, 2021- दुनिया भर में प्रसिद्ध और प्रशंसित आईएचजीएफ दिल्ली मेले का 51 वां संस्करण धीरे धीरे वास्तविक मोड पर आयोजन की तरफ बढ़ रहा है। भौतिक यानी वास्तविक (फिजिकल) मोड पर यह आयोजन ग्रेटर नोयडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में किया जाएगा। अगर कोविड के परिपेक्ष में बात की जाय तो आज भारत में स्थिति काफी नियंत्रण और बेहतर स्थिति में है। देश के माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम का भी भारत में सफलता पूर्वक आरंभ हो गया है। उम्मीद है कि यह कार्यक्रम कोविड की चुनौतियों से निपट कर हमें संकट से उबार लेगा। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के महानिदेशक, डॉक्टर राकेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमें यह भी उम्मीद है कि अब निराशा का समय समाप्त हो गया है। और हम अब उम्मीद की नई सुबह की तरफ पूरी उर्जा, उत्साह और जोश के साथ बढ़ रहे हैं।

इस मौके पर अपनी बात को विस्तार देते हुए ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ.राकेश कुमार ने कहा कि व्यवसाय प्रोत्साहन और बिजनेस जेनरेशन में आईएचजीएफ दिल्ली मेले का महत्व देखते हुए और आज हुई मीटिंग में प्रतिभागियों, विदेशी ग्राहकों, कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (सीओए) और हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर्स के सर्वे से मिली जानकारी के मद्देनजर यह तय किया गया है कि आईएचजीएफ दिल्ली मेले- स्प्रिंग 2021 के 51 वें संस्करण का आयोजन इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोयडा में 19 से 23 मई 2021 को किया जाएगा।

ईपीसीएच के चेयरमैन श्री रवि के पासी ने सूचित किया कि परिषद मेले के आयोजन को आसान, व्यवसाय सहयोगी और सुरक्षित वातावरण में करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी संभावना को तलाशने को प्रयत्नशील है।

ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में हस्तशिल्प निर्यात का कुल मूल्य 25,270.14 करोड़ रुपये था और इस वित्तीय वर्ष यानी 2020-21 के पहले नौ महीने यानी अप्रैल से दिसंबर तक का कुल निर्यात 2268.58 मिलियन अमरीकी डालर यानी 16940.98 करोड़ रुपये हुआ है।

ज्यादा जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच - +91-9818272171

****

Follow us on #epchindia